बिहार सरकार
सामान्य प्रशासन विभाग
I आदेश I

श्रीमती रूबी राय, ग्राम+पोस्ट–महवा, अंचल–बिरौल, जिला–दरभंगा, से आयुक्त दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा के न्यायालय में चल रहे विविध (अग्रक्रयाधिकार) Preemption वाद संख्या 07/22 (रूबी राय बनाम बिहार सरकार एवं अन्य) को शीघ्र निष्पादित करने हेतु निदेश देने संबंधी परिवाद पत्र इस विभाग को प्राप्त हुआ।

विभागीय पत्रांक 8672 दिनांक 03.06.2024 द्वारा श्रीमती राय से प्राप्त परिवाद पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुए आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा से संबंधित वाद का नियमानुसार निष्पादन कर इसकी सूचना परिवादी के साथ–साथ इस विभाग को भी उपलब्ध कराने अनुरोध किया गया। आयुक्त कार्यालय, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा के पत्रांक–520 दिनांक–16.04.2026 से आयुक्त दरभंगा द्वारा दिनांक 01.08.2025 को पारित अंतिम आदेश की प्रति प्राप्त हुआ है।

आयुक्त न्यायालय, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा के अन्तर्गत संचालित विविध (अग्रक्रयाधिकार) Preemption वाद संख्या 07/22 (रूबी राय बनाम बिहार सरकार एवं अन्य) में दिनांक–01.08.2025 को हुई सुनवाई के उपरांत आयुक्त महोदय द्वारा अंतिम आदेश पारित किया गया तथा पारित आदेश के अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु ज्ञापांक–1314 दिनांक–09.10.2025 द्वारा भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बिरौल एवं अंचलाधिकारी, बिरौल को निदेशित किया गया। पारित आदेश की प्रति प्रतिवादी को भी हस्तगत कराया गया है।

सक्षम प्राधिकार द्वारा आयुक्त कार्यालय, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा से प्राप्त पत्र एवं संलग्न कागजात में अंकित तथ्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत इस मामले को संचिकास्त करने का निर्णय लिया गया है।

सक्षम प्राधिकार द्वारा लिये गये निर्णयानुसार इस मामले को संचिकास्त किया जाता है।

ह०/–
(शालिग्राम पाण्डेय)
सरकार के अवर सचिव।

निबंधित/ स्पीड पोस्ट

ज्ञापांक–27/परि०–06–18/2024 सा0प्र0 7695 **/पटना–15, दिनांक** 04.5.26

प्रतिलिपि– आयुक्त कार्यालय, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा/ श्रीमती रूबी राय, पति सरोज कुमार राय, ग्राम+पोस्ट–महवा, अंचल–बिरौल, जिला–दरभंगा, मो0 9540072222/अवर सचिव, प्रभारी प्रशाखा–12, 14, एवं आई0टी0 मैनेजर (वेबसाईट पर अपलोड हेतु), सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

30.04.26

सरकार के अवर सचिव।